राजभाषा प्रकोष्ठ
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज -211004 (भारत)
Official Language Cell
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj - 211004(India)

## हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट

हिंदी दिवस एक ऐसा दिन जो राजभाषा हिंदी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, राजभाषा के प्रति हमारी मौलिक सोच एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति की समीक्षा का दिन होता है जो हमारी भाषा, सांस्कृतिक अतीत और समृद्ध इतिहास के प्रति प्रेम का संचार करता है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 17.09.2024 से 03.10.2024 तक किया गया। पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डा. धनंजय चोपड़ा, पाठ्यक्रम समन्वयक, मीडिया अध्ययन केन्द्र, आईपीसी इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद एवं श्री राम नरेश तिवारी, पिण्डीवासा सदस्य हिंदी सलाहकार समिति पंचायतीराज मंत्रालय एवं नगर प्रधान केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद प्रयागराज की उपस्थिति रही। जिसमें उन्होंने राजभाषा विषयक सारगर्भित जानकारी प्रदान कर उपस्थित संकाय सदस्य प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों को अनुगृहीत किया। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. मनोज माधव गोरे ने राजभाषा हिंदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर बल देते हुए संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग करने का आह्वान किया।

हिंदी पखवाड़ा-2024 में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत हिंदी भाषण प्रतियोगिता, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता एवं हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता संपन्न हुई। आयोजित प्रतियोगिताओं में कर्मचारी एवं छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- दिनांक 18.09.2024 को हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री रोहित कुमार एवं द्वितीय पुरस्कार श्री अभिषेक मिश्र एवं तृतीय पुरस्कार श्री प्रकाश पाण्डेय को प्रदान किया गया। विजेता प्रतिभागीयों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 19.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे हिंदी टिप्पण एवं प्रारुप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री कृष्ण कुमार, द्वितीय पुरस्कार श्री रोहित कुमार एवं तृतीय पुरस्कार श्री मनीष मिश्र ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 20.09.2024 को हिंदी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री मनीष मिश्र, द्वितीय पुरस्कार पर श्री विशाल सिंह एवं तृतीय पुरस्कार श्री जितेन्द्र चौधरी ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 24.09.2024 को अपराह्न 03.00 बजे हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री प्रकाश पाण्डेय, द्वितीय पुरस्कार श्री विशाल सिंह एवं तृतीय पुरस्कार श्री विवेक कुमार मिश्र ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 25.09.2024 को अपराह्न 03.00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रमः टिप्पण, आलेखन, राजभाषा नीति का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्यान हेतु डा. पृथ्वी नाथ पाण्डेय, 'भाषाविद' एवं श्री मकरध्वज मौर्य, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, आयकर विभाग, आयकर भवन, सिविल लाइंस, प्रयागराज को आमंत्रित किया गया, उन्होने टिप्पण, आलेखन एवं राजभाषा नीति आदि विषयों पर सार्थक चर्चा की तथा इस संबंध में आने वाली समस्याओं का निवारण भी किया गया। जिसमें संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया।
- दिनांक 26.09.2024 को हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री विवेक कुमार मिश्र, द्वितीय पुरस्कार श्री राहुल कपूर, तृतीय पुरस्कार श्री विकास कुमार सोनी ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 30.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों ने प्रतिभाग करके प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रथम पुरस्कार श्री अभिषेक मिश्र, द्वितीय पुरस्कार श्री मुकेश कुमार पाण्डेय एवं तृतीय पुरस्कार श्री गौरव पाण्डेय ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।
- दिनांक 01.10.2024 को हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी परिचारक वर्ग के कर्मचारियों ने भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया प्रथम पुरस्कार श्री अभिषेक मिश्र,

द्वितीय पुरस्कार सुश्री संस्कार पटेल एवं तृतीय पुरस्कार श्री मानित चौरसिया ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

- दिनांक 02.10.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता, हिंदी भाषण प्रतियोगिता एवं हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुश्री प्रतीक्षा सोमनाथ खोबरे, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग, द्वितीय स्थान पर श्री ओजस्वी शुक्ला, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग एवं तृतीय स्थान पर श्री आदित्य कुमार, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग ने प्राप्त किया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री अक्षत मिश्रा, जानपद अभियांत्रिकी विभाग, द्वितीय स्थान पर सुश्री अंकिता पटेल, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग एवं तृतीय स्थान पर श्री आदित्य कुमार, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग ने प्राप्त किया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री पांडाला गोविन्द, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग, द्वितीय स्थान पर सुश्री प्रतीक्षा सोमनाथ खोबरे, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग एवं तृतीय संस्थान पर सुश्री अंकिता पटेल, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

हिंदी दिवस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डा. रविनन्दन सिंह, पूर्व कार्यकारी सचिव, कोषाध्यक्ष, भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, पूर्व संपादक हिंदुस्तानी, वर्तमान संपादक 'सरस्वती' प्रयागराज रहे, उन्होंने हिंदी भाषा की सरलता और व्यापकता पर विस्तार से हमारा मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि महोदय एवं संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. मनोज माधव गोरे महोदय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. मनोज माधव गोरे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में हिंदी भाषा के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता एवं राजभाषा अधिनियम एवं नियमों के प्रति कार्यालयीन प्रतिबद्धता पर बल दिया

अन्त में संस्थान के सहायक कुलसचिव श्री सत्यजीत कुमार ने हिंदी पखवाड़ा-2024 के आयोजक मण्डल को धन्यवाद देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

10.10.24

**(प्रमोद द्विवेदी)**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

<u>हिंदी पखवाड़ा-2024 की झलकियाँ</u>






























HINDI PAKHWADA-2024




हिंदी पखवाड़ा-2024
HINDI PAKHWADA-2024
(दिनांक 17-09-2024 से 03-10-2024 तक)
(From 17-09-2024 to 03-10-2024)




हिन्दी पखवाड़ा–2024
(17 सितम्बर से 03 अक्टूबर, 2024)
समापन समारोह
(अक्टूबर 03, 2024)
आयोजक
हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज – 211004


























हिन्दी पखवाड़ा–2024
(17 सितम्बर से 03 अक्टूबर, 2024)
समापन समारोह
(अक्टूबर 03, 2024)
आयोजक
हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज – 211004


हिन्दी पखवाड़ा–2024
(17 सितम्बर से 03 अक्टूबर, 2024)
समापन समारोह
(अक्टूबर 03, 2024)
आयोजक
हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज – 211004